## एक नजर में

### समाजसेवी गणेश गाडरिया को श्रद्धांजलि



**कुक्षी** ।पाटीदार समाज सुसारी के वरिष्ठ समाजसेवी गणेशजी गाडरिया का बीते दिनों 75वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे मिलनसार स्वभाव के धनी थे और समाज सेवा एवं धार्मिक कार्यों में सक्रिय रहने के साथ ही स्थानीय चावला ट्रांसपोर्ट के संचालक पवन पाटीदार के पिता थे.उनके निधन पर समाजजनों के साथ क्षेत्र के गणमान्य जनों नें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की.इनका अन्नदान एवं पग?ी रस्म दिनांक 20 मंगलवार को सुभद्रा वाटिका सुसारी में होगा.

### संक्रांति पर जीव दया संस्था ने प्रकृति वात्सल्य गौशाला में गौपूजन कार्यक्रम का किया आयोजन



**धार** । संक्रांति पर्व पर दान पुण्य का अलग ही महत्व होता है ।इसी परिपेक्षय में जीवदया संस्था द्वारा प्रकृति वात्सल्य गौशाला 34 बटालियन में दान व सम्मान कार्यक्रम हुआ । धार के श्री बंशीधर वल्लभदासजी अग्रवाल (गोकुल डेरी) ने गौशाला को 1 लाख रु दान का चेक भेंट किया जिसपर उनका सम्मान किया गया । जीवदया संस्था के श्री प्रकाश जैन (सर), श्री अभय जैन (वर्धमान ट्रेडर्स), अन्य दानदाताओं व गौशाला के सेवादारों का सम्मान किया गया । उल्लेखनीय है कि जीवदया विभिन्न प्रकार की समाज सेवा हर समय तत्पर रहता है ।जिसमें गायों, कुत्तों , कौव्वों के आहार, मछलियों का अभयदान, कोढियों की बस्ती में दान व मृत्यु होने पर अंत्येष्टि की व्यवस्था करना सम्मिलित हैं ।संक्रांति के दिन विशेष रूप से चींटियों को सालभर भोजन मिलता रहे इस उद्देश्य से इनके द्वारा जेसीबी से नालेनुमा गड्ढा करके, खोपरा गोले में घी आटा शक्कर मिलाकर जमीन में गाड़कर वापस मिट्टी से कवर करवा दिया जाता है । साथ ही गु?, धान, पशु आहार आदि का दान इस संस्था के सदस्यों व अन्य गौभक्तों द्वारा किया गया । श्री रमेशभाई खेपर (श्रीहरि टाइल्स) ने 11000 रु व श्री जयंतीलाल सेठिया ने भी 5000 रु गौशाला को दान किये ।भिन्न लोगों ने भी चारे आदि का दान गौशाला में किया ।जीवदया संस्था से श्री राजू जैन (लब्दी सेठ), श्री प्रवीण कोठारी, श्री प्रवीण गुप्ता, द्वारका अग्रवाल, श्री विपिन त्रिवेदी, श्री महावीर पावेचा, प्रकाश तांतेड, श्री धर्मेंद्र राठौर, श्रीमती चंदनबाला जैन, श्रीमती सपना छाजेड़, श्रीमती वैजयंती माला नाहर, सविता कोठारी आदि व गौशाला से सुश्री विजया शर्मा, प्रमिला शर्मा, धर्मेंद्र जोशी, एड. श्री प्रवीण शर्मा, सलिल यादव, श्री संतोष पुरोहित, श्री घनश्याम शर्मा, श्री सचिन दवे, श्री विजय अग्रवाल आदि उपस्थित थे ।उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम के पश्चात शाम को धरावरा फाटे पर गौतस्करी करते हुए जो कंटेनर पकड़ा उसके गोवंश की गौशाला ने सुपुर्दगी लेकर आश्रय दिया । श्वानों के लिए भी विभिन्न दानियों द्वारा टोस आदि दान किये गए ।

### श्रद्धालय वृद्धाश्रम में लगा सौलर ड्रायर

**धार** ।पूरे विश्व समुदाय में सौर ऊर्जा का महत्व बड़ा है।वृद्धजनों




के लिए जनसहयोग से 4 ट्रे क्षमता का सौलर ड्रायर का श्रद्धालय वृद्धाश्रम में आज शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत धार व उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी श्री दिनेश वर्मा, भोज शोध संस्थान के निदेशक व संचालक श्रद्धालय वृद्धाश्रम डॉ दीपेंद्र शर्मा, मातृ स्मृति विद्या देवी वृद्धजन सहयोगी नीरज ग्रेवाल व उनके परिजन उपस्थित थे। वर्मा जी ने कहा कि यह ड्रायर बहुत उपयोगी नवाचार है।आज आश्रम के निरीक्षण में साफ सफाई व जल स्वच्छता अच्छी मिली है। हवन कंडे व गौधूप की सराहना की। वृद्धजनों से मुलाकात की। संचालक की ओर से डॉ शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस सौलर ड्रायर में प्याज, अदरक, धनिया, मैथी, लौकी, टमाटर जैसे फल सब्जियां सुखाई व संरक्षित की जा सकती है। यह 21 वा नवाचार है। ड्रायर में सुखने के समय कम लगेगा। स्वच्छता, संक्रमण रहितता, प्रोटीन व विटामिन बने रहते है। यह उपयोगी संसाधन उपलब्ध होने से मौसमी सब्जियों व फलों का पावडर तैयार करने में भी मदद मिलेगी व वृद्धजन भी इसका उपयोग कर सकेंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी राकी मक्क? ने दी।

### न्यायालय परिसर सरदारपुर में वैदिक साक्षरता शिविर का किया आयोजन

**सरदारपुर** ।न्यायालय परिसर सरदारपुर में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया शिविर में प्रथम जिला जज श्री हेमंत यादव साहब द्वितीय



जिला जज श्रीमती रश्मि वॉटर मैडम उपस्थित थे। शिविर को संबोधित करते हुए श्री यादव ने विधिक साक्षरता के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला ।श्रीमती रश्मि वॉल्टर ने भी शिविर को संबोधित करते हुए विधिक जागरूकता एवं मध्यस्थता के बारे में प्रकाश डाला इस अवसर पर अभिभाषक संघ अध्यक्ष श्री कमल किशोर वैष्णव उपाध्यक्ष श्री रामलाल पाटिल सहायक सचिव श्री ईश्वरलाल पाटीदार श्री भूपेंद्र जोशी श्री दिग्विजय सिंह राठौर दिलीप वसुनिया अनिल पांडे रवि परमार गोकुल धाकड़ वरुण पुरोहित आदित्य जोशी अनिल भूरिया मनोज काग शाहरुख लोधी भारत यादव आदि अभिभाषक एवं पक्षकार गण उपस्थित थे

### गौमाता के लिए चारा, भूसा, गुड़ आदि किया दान

**नागदा** ।बजरंग गौशाला नागदा मे मकर संक्रांती के पावन पर्व पर अनैक भक्तो ने बुधवार एवं गुरुवार को पहुॅचकर गौमाता के लिए चारा, भुसा, गु? आदि दान किया। गाय को माता का दर्जा प्राप्त है क्योंकि गो माता में हजारों देवी देवता का वास होता हे तभी तो गो माता हम सब के लिए पूज्यनीय होती हे इसलिए हमे सदैव सद कार्य करते हुए ही माता की सेवा सदैव करना चाहिए उक्त बात मकर संक्रांति पर्व पर बजरंग गो शाला नागदा में किराना व्यापारी संघ द्वारा आयोजित गौ माता के स्वामी वात्सल्य भोजन कार्यक्रम अंतर्गत व्यापारी संघ अध्यक्ष राजेन्द्र बोक?िया द्वारा व्यक्त किए गए आगे आपके द्वारा बताया गया कि प्राकृतिक रूप से गाय एक मात्र ऐसा प्राणी हे जो ऑक्सीजन ग्रहण कर ऑक्सीजन लौटाती हे , गौ माता से हमे दूध गोबर एवं गो मूत्र प्राप्त होता हैं जो विज्ञान एवं धर्म दोनों दृष्टि से हमारे लिए बहु उपयोगी माना गया है इसलिए गो माता की सेवा करना हमारे लिए देव पूजन बराबर हे

# भाजपा के जनहितैषी कार्यों को जनजन तक पहुंचाएं : जिलाध्यक्ष भारती

**एक साल बेमिसाल पर भाजपा जिलाध्यक्ष महंत भारती को बधाई**

**धार।** भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष पद पर महंत निलेश भारती के एक वर्ष पूर्ण होने पर एक साल बेमिसाल रहा। आपने अपने एक वर्ष के कार्यकाल के दौरान कई नवाचार करते हुए संगठन की दशा व दिशा को एक नए स्वरूप में प्रस्तुत किया है। आपने एक वर्ष में संगठन के केन्द्रीय व प्रदेश नेतृत्व के निर्देशों का भलीभांति पालन करते हुए भाजपा सरकार के जनहितैषी कार्यों को जन-जन तक पहुंचाया व संगठन की कार्ययोजनाओं को जिले में लगातार प्रवास करते हुए मण्डल ही नहीं अपितु बूथ स्तर तक प्रत्यक्ष बैठकों के माध्यम से प्रस्तुत किया है। जिलाध्यक्ष महंत भारती राष्ट्रप्रथम व संगठन सर्वोपरि की भावना से निरंतर संगठन को मजबूती प्रदान करने का कार्य करते आ रहे है।

भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती की गत वर्ष 16 जनवरी को जन्मदिन के दिन जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्ति होने के



बाद जिले में अनेक अभियान एवं देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी का अपने जन्मदिन पर धार जिले में आना और भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी जी वर्तमान भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ जेपी नड्डा मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी का जिले में तीन से चार बार प्रवास कर लोकार्पण व भूमि पूजन में आना महंत निलेश भारती के लिए सौभाग्य की बात है महंत भारती कुशल संगठन के रूप में कार्य करते हुए प्रशासनिक अधिकारी एवं जिले के जन प्रतिनिधि व भाजपा कार्यकर्ताओं से सफल समन्वयक बनाकर कार्यक्रम को सफल बनाया। राष्ट्रीय कार्यक्रम मन की बात रेडियो कार्यक्रम प्रदेश में धार जिला तीन से चार बार अव्वल रहा।

**भाजपा जिलाध्यक्ष का जन्मदिन आज, होंगे कई कार्यक्रम**

भाजपा जिला अध्यक्ष का 16 जनवरी को तय कार्यक्रम इस प्रकार हैं- सुबह 8 बजे रुद्राभिषेक सोमनाथ मठ सागौर 10 बजे रक्तदान शिविर सागौर 11 बजे गौ पूजन लक्ष्मी गौशाला जेतपुरा धार 11:30 पर कम्बल वितरण वृद्ध आश्रम धार दोपहर 12 बजे भोजन सेवा दीनदयाल रसोई केंद्र तथा 1 से 4 बजे तक भाजपा जिला कार्यालय धार में कार्यकर्ता द्वारा स्वागत समारोह का आयोजन होगा तत्पश्चात शाम 5 बजे पीथमपुर में अनेक कार्यक्रम में शामिल होंगे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।





# नई चेतना 4 .0 में मकर संक्रांति पर कार्यक्रम आयोजित

**बाग** - राज्य शासन के निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी महोदय, जिला पंचायत धार के मार्गदर्शन में म.प्र.राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन विकासखंड बाग के अन्तर्गत नई चेतना अभियान 4.0 के तहत विकासखंड बाग मे संकुल स्तरीय संगठन कार्यालयो मे लखपति दीदी संवाद कार्यक्रम व तिल गुड पतंग महोत्सव एवं स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया।

राज्य कार्यालय भोपाल द्वारा ' 'नई चेतना अभियान 4.0 अन्तर्गत हौंसलों की उडान '' अन्तर्गत प्रदाय कार्यक्रम कैलेंडर अनुसार विकासखंड बाग में 03 दिवसीय कार्यक्रम आयोजन किया गया, जिसमें दिनांक 13 जनवरी 2026 को आजीविका भवनो एवं संकुल स्तरीय कार्यालयों मे लखपति दीदी संवाद एवं शपथ कार्यक्रम व दिनांक 14 जनवरी 2026 को सार्वजनिक स्थलो पर तिल गुड संग पतंग महोत्सव का आयोजन एवं 15 जनवरी 2026 को विकासखंड बाग में ग्राम टांडा एवं बाग में स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया।

लखपति संवाद कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संघर्ष के बाबजूद आत्मनिर्भर बनी समूह सदस्यों की पहचान, लखपति पहल में छूटी समूह सदस्यों को योजना से जोडना,जेण्डर आधारित हिंसा से प्रभावित व एकल महिलाओं को आजीविका में प्राथमिकता दिलाना, समाज में जेंडर समानता, जागरूकता एवं महिलाओं की भागीदारी बढाते हुए आर्थिक एवं सामाजिक रूप से कमजोर परिवारों को समाज की मुख्य धारा से जोडना है ।

**होसलों की उडान के अंतर्गत पतंग महोत्सव**

पतंग महोत्सव पर लखपति दीदियों से मिलकर समता समन्वयक एवं समता सखी द्वारा समूह की दीदियों के साथ होसलो की उडान के अंतर्गत पतंग महोत्सव मनाया गया जिसमे सावित्री बाई फुले की कहानी के माध्यम से तिल गुड बाट कर समानता एवं एकता का परिचय दिया और बताया की महिला कैसे अपने व्यक्तिवत को निखार सकती हैं और सामान रूप से अपनी भूमिका निभा सकती हैं एवं पतंग उ?ा कर महिलओ को आजादी एवं अपनी अस्तित्व के बारे में बताया एवं अपने लिए कैसे आजादी के साथ जीना है।इस संदर्भ में लखपति दीदियों ने विभिन्न प्रकार के खेलो के माध्यम से अन्य दीदियों को सिखाया कि विपरीत परिस्थितियों में भी कैसे अपने आप को खुश रहकर अपने हौसलों की उड़ान भर सकते है। साथ ही दिनांक 15/01/2026 को विकासखंड स्तर पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें में समूह की दीदियों द्वारा अपने स्वास्थ का परीक्षण एवं जाँच कराई गई संकुल स्तरीय स्तर पर होने वाले कार्यक्रमो में विकासखंड प्रबंधक श्री दिनेश डोडिया, सहायक विकासखंड प्रबंधक, सीमा चौहान,भावना कटारे विरेंद्र सिंह ठाकुर,सुनील परमार सहित विकासखसण्ड स्तरीय स्वयं सहायता समुह की दिदिया, लखपतिदीदी, लोक अधिकार केन्द्रों में कार्यरत समता समन्वयक एवं समता सखी दिदिया उपस्थित रहीं।

# अब 54 वर्षों तक 15 जनवरी को ही मनेगी मकर संक्रांति, फिर16 जनवरी को होगा पर्व

## पतंगों से सजा आसमान

**मनावर।** मकर संक्रांति सनातन संस्कृति का एक अतत पावन और शुभ पर्व है। जो प्रकृति, सूर्य उपासना और मानव जीवन के बीच संतुलन को प्रदर्शित करता है। यह त्यौहार भारत के विभिन्न प्रदेशों में भिन्न-भिन्न नामों से मनाया जाता है। उत्तर भारत में इसे मकर संक्रांति, गुजरात और महाराष्ट्र में उत्तरायण, तमिलनाडु में पोंगल तथा असम में माघ बिहू के नाम से जाना जाता है। लेकिन इस पर्व का मूल भाव एक ही है, और वह है; सूर्य देव की उपासना और दान-पुण्य करना। यह पर्व सूर्य देव के मकर राशि में प्रवेश के साथ ही मनाया जाता है। यह वह क्षण होता है, जब सूर्य उत्तरायण होते हैं और खरमास के बाद शुभ काल आरंभ होता है। धार्मिक दृष्टि से यह समय आत्मशुद्धि और पुण्य अर्जन के लिए अत्यंत श्रेष्ठ माना गया है। मकर संक्रांति पर्व 14 और 15 जनवरी को श्रद्धाभाव से मनाया गया। इस दिन का पुण्य काल 14 जनवरी को दोपहर 03:13 बजे से आरंभ हुआ। रात्रि 9 .48 पर सूर्य, मकर राशि में प्रवेश करने के कारण मकर संक्रांति का पुण्य काल 15 जनवरी को सूर्योदय से दोपहर 1.50 तक रहा। शास्त्रों के अनुसार इस दिन किया गया स्नान-दान और पूजा कई गुना पुण्य फल प्रदान करती है। माना जाता है कि इस शुभ काल में दान करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। साधक के जीवन में सुख समृद्धि का वास होता है।

मकर संक्रांति का धार्मिक महत्व- मकर संक्रांति का धार्मिक महत्व अत्यंत गहन है। यह पर्व उत्तरायण की शुरुआत का प्रतीक है, जब सूर्य देव दक्षिणायन से उत्तरायण की ओर अग्रसर होते हैं। उत्तरायण को आध्यात्मिक उन्नति का काल माना गया है। इस समय किए गए जप, तप, दान और पूजा का फल शीघ्र प्राप्त होता है। शास्त्रों में उल्लेख है कि मकर संक्रांति के दिन गंगा, यमुना, सरस्वती अथवा किसी भी पवित्र जल स्रोत में स्नान करने से मनुष्य के समस्त पापों का क्षय होता है। साथ ही ब्राह्मणों, साधुओं और दीन-दु:खी, निर्धन, जरूरतमंद लोगों को दान देने से भगवान सूर्य की विशेष कृपा प्राप्त होती है।

# टांडा पुलिस ने 35 हजार रु के इनामी डकैत को किया गिरफ्तार



**धार.** वर्ष 2023 से अलग अलग राज्यो मे रहकर काट रहा था फरारी । टांडा नि प्र पुलिस उप महानिरीक्षक / पुलिस* *अधीक्षक धार श्री मयंक अवस्थी के मार्गदर्शन मे, * अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विजय डावर के निर्देशन मे, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कुक्षी सुनिल कुमार गुप्ता के निर्देशन में चोर/डकैतो को पकडने के लिए व बदमाशो के विरुध्द सख्त कार्यवाही के निर्देश दिये गए थे। इसी तारतम्य मे थाना प्रभारी व टांडा पुलिस ने आरोपीयो की धरपकड हैतु लगातार दबिश दी जा रही थी, की ग्राम गुड़ा का *डकैत करमु पिता रतन भील ग्राम गुड़ा का लगातार चोरी, लुट, डकैती, व हत्या का प्रयास में गम्भीर अपराध मे फरार था ।*करमु पिता रतन भील निवासी गुडा* की मुखबिर से सूचना पर थाना टांडा पुलिस द्वारा अलग अलग टीम बनाकर आरोपी को धर दबोचा,आरोपी से पूछताछ मे राजगढ़ के 6मामले में चोरी, लुट, डकैती में साथियों के साथ करना कबूला आरोपी से देशी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद किया गया व शातिर बदमाश से अन्य अपराध मे पुछताछ की जा रही है।

आरोपी के विरुध्द थाना टाण्डा में हत्या के प्रयास एक अपराध एंव थाना राजगढ मे चोरी, लुट एंव डकैती के कुल 06 अपराध मे फरार था।



# शांति सुरक्षा समिति की बैठक, बसंत पंचमी को लेकर प्रशासन अलर्ट

**बदनावर** । बुधवार शाम शांति एवं कानून व्यवस्था को मजबूत रखने के उद्देश्य से शांति सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें एसडीएम प्रियंका मिमरोट, एसडीओपी अरविंद सिंह तोमर, तहसीलदार सुरेश नागर, थाना प्रभारी अमित सिंह कुशवाह, नगर परिषद सीएमओ लाल सिंह राठौड़, नगर परिषद उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह पंवार, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष निरंजन सिंह पंवार, मंडल अध्यक्ष मनीष गुर्जर, भाजपा नेता जांहगीरलाला, पत्रकार तथा नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, बैठक में आगामी बसंत पंचमी पर्व को लेकर विशेष चर्चा की गई, थाना प्रभारी अमित सिंह कुशवाह ने बताया कि इस वर्ष पर्व शुक्रवार को होने के कारण धार भोजशाला से जुड़ा विषय संवेदनशील बन जाता है, पूर्व अनुभवों के आधार पर प्रशासन ने पहले से सतर्कता बढ़ा दी है ताकि बदनावर क्षेत्र में किसी प्रकार का तनाव उत्पन्न न हो, उन्होंने जानकारी दी कि पूर्व में विवादित गतिविधियों में शामिल लोगों को नोटिस जारी कर सख्त चेतावनी दी गई है और शांति भंग करने पर जेल भेजने जैसी कड़ी कार्रवाई की जाएगी, एसडीएम प्रियंका मिमरोट ने कहा कि हाल की परिस्थितियों को देखते हुए अतिरिक्त चौकसी आवश्यक है,

**एक नजर** ▶ **बसंत पंचमी को मालवा में विशेष कर धार में महाराजा भोज का जन्मोत्सव मनाया जाएगा**

# बसंत पंचमी पर धार में तनावपूर्ण स्थिति, हालात रहेंगे नियंत्रण में : डॉ . शास्त्री

**धार । मालवा के प्रसिद्ध ज्योतिष गुरु डॉ. अशोक शास्त्री ने बताया कि बसंत पंचमी के दिन श्राप की देवी मां सरस्वती का पूजन किया जाता है और इस दिन को अबूझ मुहूर्त भी कहा जाता है । यानि बसंत पंचमी के दिन बिना मुहूर्त देखे कोई भी शुभ काम किया जा सकता है । बसंत पंचमी को मालवा में विशेष कर धार में महाराजा भोज का जन्मोत्सव भी धूमधाम से मनाया जाता हैं ।**

हर साल माघ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि के दिन बसंत पंचमी का पर्व के साथ महाराजा भोज जन्मोत्सव धूम धाम से मनाया जाता है और हिंदू धर्म में बसंत पंचमी का विशेष महत्व माना गया है । इस दिन ज्ञान की देवी मां सरस्वती का पूजन किया जाता है और मान्यता है कि मां सरस्वती की कृपा से व्यक्ति के जीवन से अंधकार का नाश होता है । बसंती पंचमी का दिन बहुत ही शुभ माना गया है और पौराणिक कथाओं के अनुसार ब्रह्मा जी ने माघ शुक्ल की पंचमी तिथि के दिन ज्ञान, विद्या, संगीत की देवी मां सरस्वती को प्रकट किया था । बसंत पंचमी का पर्व मां सरस्वती के जन्मोत्सव के रूप में हर साल मनाया जाता है और इस दिन मां सरस्वती का विधि-विधान से पूजन किया जाता है ।

इस साल बसंत पंचमी का त्योहार 23 जनवरी 2026, शुक्रवार के दिन मनाया जाएगा ।

बसंत पंचमी के दिन ज्ञान, विद्या और संगीत की देवी मां सरस्वती का पूजन किया जाता है । यह पूजन यदि शुभ मुहूर्त में किया जाएगा तो अधिक फलदायी होता है । पंचांग के अनुसार 23 जनवरी 2026 को मां सरस्वती की पूजा का शुभ मुहूर्त सुबह 7:13 बजे से लेकर दोपहर 12:34 बजे तक रहेगा ।

ज्योतिष गुरु डॉ. अशोक शास्त्री के अनुसार इस वर्ष बसंत पंचमी 23 जनवरी शुक्रवार को है । जहाँ सकल हिंदू समाज भोजशाला में सूर्योदय से सूर्यास्त पर्यन्त माँ सरस्वती की आराधना करेंगे ।ऐसी स्थिति में धार शहर में जनसमुदाय धार की स्थिति को



लेकर आशंकित हैं । ऐसी स्थिति मे ज्योतिष गुरु डॉ. अशोक शास्त्री ने बताया कि ग्रह स्थिति अत्यंत द्वंद्वात्मक और विस्फोटक ऊर्जा वाली बन रही है। जब हम धार की भोजशाला जैसे संवेदनशील स्थान के संदर्भ में ग्रहों का विश्लेषण करते हैं, तो निम्नलिखित स्थितियां उभर कर आती हैं ।

1. अंगारक और उग्र संयोग (सूर्य-मंगल युति ) मकर राशि में सूर्य और मंगल की युति हो रही है। मंगल यहाँ %उच्च% का है।

प्रभाव: मंगल युद्ध, क्रोध और भूमि का कारक है। सूर्य सत्ता और शासन का। इन दोनों का मिलना प्रशासन और जनता के बीच टकराव की स्थिति बनाता है।

लाठीचार्ज/बल प्रयोग का संकेत: ज्योतिष में मंगल %रक्त% और %बल प्रयोग% का कारक है। यदि दोपहर के समय (जब सूर्य और मंगल दशम भाव में प्रबल होते हैं) भीड़ अनियंत्रित होती है, तो पुलिस को बल प्रयोग या सख्त कार्रवाई करनी पड़ सकती है। ग्रहों के अनुसार, आवेश बहुत अधिक रहेगा।

2. शनि की न्याय और दंड की स्थिति शनि अपनी मूल त्रिकोण राशि कुंभ में है, जो मकर (जहाँ सूर्य-मंगल हैं) से द्वितीय भाव में है। प्रभाव: शनि %अनुशासन% और %सीमाओं% का देवता है। यह इस बात का संकेत है कि प्रशासन (शनि के प्रभाव में) बेहद कठोर नियम लागू करेगा।

कर्फ्यू या प्रतिबंध: शनि और मंगल का एक-दूसरे के प्रभाव में होना %घेराबंदी% को दर्शाता है। इसका अर्थ है कि पूरे क्षेत्र को छावनी में बदल दिया जाएगा और आवाजाही पर कड़े प्रतिबंध (जैसे धारा 144 या आंशिक कर्फ्यू) लगाए जा सकते हैं।

**गुरु (बृहस्पति) की दृष्टि कुछ हद तक स्थिति को संभालने का काम करेगी**

राहत: गुरु का प्रभाव यह सुनिश्चित करेगा कि मामला पूरी तरह हाथ से बाहर न निकले। तनाव तो बहुत अधिक होगा, लाठीचार्ज जैसी नौबत आ सकती है, लेकिन बड़ी जनहानि या अनहोनी होने की संभावना कम है क्योंकि %न्याय कारक% शनि और %धर्म कारक% गुरु संतुलन बनाने का प्रयास करेंगे। निष्कर्ष: ज्योतिष के आधार पर यह दिन शांतिपूर्ण नहीं कहा जा सकता। यह अत्यधिक तनावपूर्ण और प्रतिबंधात्मक दिन होगा। ग्रहों की चाल इशारा कर रही है कि प्रशासन को व्यवस्था बनाए रखने के लिए कठोर दंड नीति अपनानी ही पड़ेगी। मेरी सलाह: ज्योतिषीय उग्रता को देखते हुए उस दिन अत्यधिक भीड़-भाड़ वाले स्थानों से बचना और प्रशासन के निर्देशों का पालन करना ही विवेकपूर्ण होगा।

3. पूर्व भाद्रपद नक्षत्र और परिघ योग

पूर्व भाद्रपद नक्षत्र: इसका प्रतीक %दो मुंह वाला व्यक्ति% या %तलवार% माना जाता है। यह नक्षत्र उग्रता और दो पक्षों के बीच तीव्र वैचारिक मतभेद को दर्शाता है।

परिघ योग: जैसा कि इसके नाम से स्पष्ट है, %परिघ% का अर्थ होता है बाधा या घेरा ज्योतिष में इस योग में विवाद होने पर अवरोध उत्पन्न होता है। यह योग शांति भंग होने की आशंका को बल देता है।

4. समय का विश्लेषण (दोपहर का समय)

दोपहर 12:00 से 3:00 बजे: इस समय के दौरान लग्न और ग्रहों की स्थिति सबसे अधिक उग्र होगी। चूँकि यही समय नमाज और पूजा के टकराव का भी है, इसलिए ज्योतिषीय गणना के अनुसार यह 3 घंटे का समय सबसे अधिक संवेदनशील है।

कोई अनहोनी होने की संभावना नहीं ।